प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार दिनांक 31.12.2024

मुख्य समाचारः–

- भारत निर्वाचन आयोग ने प्रवासी भारतीयों के लिए रिमोट वोटिंग व्यवस्था शुरू करने का किया प्रस्ताव।
- रायपुर से बिलासपुर और अंबिकापुर के लिए हवाई सेवा अब सप्ताह में छह दिन चलेगी।
- शेयर ट्रेडिंग के नाम पर रायगढ़ में एक करोड़ बारह लाख रूपये की ठगी–पश्चिम बंगाल से तीन आरोपी गिरफ्तार।
- रायपुर में आयोजित चौबीसवीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आज हुआ समापन।

निर्वाचन आयोग–रिमोट वोटिंग व्यवस्था

भारत निर्वाचन आयोग ने देश के प्रवासी लोगों के लिए रिमोट वोटिंग व्यवस्था शुरू करने का प्रस्ताव किया है। इसके लिए बहु–निर्वाचन क्षेत्र में रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का उपयोग किया जाएगा। इस मशीन के द्वारा एक मतदान केन्द्र से बहत्तर निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदान किया जा सकता है। अगर यह सुधार लागू होता है तो अपने मूल निवास स्थान से काम के सिलसिले में देश के अलग–अलग हिस्सों में रहने वाले लोग अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान कर सकेंगे। आयोग ने बहु–निर्वाचन क्षेत्र प्रोटोटाइप रिमोट ईवीएम की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन करने के लिए सभी मान्यता प्राप्त आठ राष्ट्रीय और संतावन राज्यीय दलों को आगामी सोलह जनवरी को आमंत्रित किया है।

हवाई सेवा

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रायपुर से बिलासपुर और अंबिकापुर के लिए हवाई सेवा अब सप्ताह में छह दिन – सोमवार से शनिवार के लिए प्रारंभ कर दी गई है। यह सेवा पहले सप्ताह में तीन दिन – गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को संचालित की जा रही थीं। एयरलाइंस के नए शेड्यूल के अनुसार अब रायपुर

से अंबिकापुर की उड़ान सुबह नौ बजे प्रारंभ होगी और सवा दस बजे अंबिकापुर पहुंचेगी। दस बजकर चालीस मिनट पर विमान बिलासपुर के लिए रवाना होगा।

## पाठ्य–पुस्तक–वितरण

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आगामी शिक्षा सत्र में सभी विद्यार्थियों को समय–सीमा में निःशुल्क पाठ्य–पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इसके लिए वितरण कार्य की निगरानी ऑनलाइन ट्रेकिंग ऐप के माध्यम से की जाए।

## चिकित्सा अधिकारी–संविदा नियुक्ति

राज्य सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सात विशेषज्ञ चिकित्सकों और पैंतीस चिकित्सा अधिकारियों की संविदा नियुक्ति का आदेश जारी किया है। इनमें रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग के शासकीय अस्पतालों में छह–छह, बिलासपुर संभाग में बारह और सरगुजा संभाग में पांच चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है।

## परीक्षा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने डी.एल.एड. प्रथम और द्वितीय वर्ष अवसर परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। परीक्षार्थी अपना परीक्षा परिणाम मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

इस बीच, छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम ने वार्षिक परीक्षा की समय–सारिणी जारी कर दी है। पूर्व मध्यमा और उत्तर मध्यमा की मुख्य परीक्षा एक मार्च से शुरू होकर छब्बीस मार्च तक चलेगी। वहीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं एक मार्च से तथा नवमीं और दसवीं की परीक्षाए तीन मार्च से शुरू होंगी। ये परीक्षाएं सुबह नौ बजे से दोपहर सवा बारह बजे तक आयोजित की जाएंगी। प्रायोगिक परीक्षा अवकाश के दिनों में भी ली जाएंगी।

वहीं, शीघ्रलेखन और मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद ने स्थगित परीक्षाओं के लिए नई समय–सारिणी जारी कर दी है। ये परीक्षाएं पांच जनवरी को आयोजित की जाएंगी। इन परीक्षाओं के लिए रायपुर, नवा रायपुर, दुर्ग, भिलाई और बिलासपुर में केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं, जिसे परीक्षार्थी परिषद की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

नववर्ष

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सुख–समृद्धि की कामना की हैं। राज्यपाल ने कहा है कि नया साल एक नई संभावना, नये दृष्टिकोण और नये उत्साह के साथ आ रहा है। हमें साथ मिलकर एक सशक्त और समृद्ध प्रदेश के निर्माण की दिशा में कदम बढ़ाकर देश की प्रगति में योगदान देना है।

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने वर्ष दो हजार चौबीस को राज्य के लिए उपलब्धिपूर्ण बताया है।

वनवासी क्रीडा प्रतियोगिता–समापन

राजधानी रायपुर में आयोजित चौबीसवीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आज समापन हो गया है। अंतिम दिन खेले गए फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में संथाल परगना ने केरल को टाई ब्रेकर में एक के मुकाबले चार गोल से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। केरल की टीम उपविजेता रही और झारखंड की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, तीरंदाजी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में पूर्वी उत्तरप्रदेश और बालिका वर्ग में कर्नाटक का दबदबा रहा। तीरंदाजी की जूनियर बालक वर्ग प्रतिस्पर्धा में राजस्थान के हिमेश बरांडा ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, जूनियर बालिका वर्ग में ओडिशा की मंजूलता ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

राष्ट्रीय वनवासी क्रीडा प्रतियोगिता में देश के उनतीस राज्यों के साथ ही नेपाल के लगभग छह सौ जनजातीय बालक–बालिकाओं ने हिस्सा लिया।

समापन समारोह में वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विजेता टीम को पुरस्कृत किया। वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय खेल प्रमुख फुल शेरिंग लेपचा ने आकाशवाणी समाचार को बताया –

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक / युवा महोत्सव

राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलों का आयोजन आठ से दस जनवरी तक रायपुर में किया जाएगा। इन खेलों की प्रतिस्पर्धाएं रायपुर के बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, आउटडोर स्टेडियम और सप्रे शाला मैदान में होंगी। इसमें प्रदेशभर से लगभग दो हजार प्रतिभागी शामिल होगें।

वहीं, राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में बारह से चौदह जनवरी तक युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। युवा महोत्सव में प्रदेश के लगभग ढाई हजार कलाकार और प्रतिभागी भाग लेंगे।

ठगी–आरोपी गिरफ्तार

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर रायगढ़ के तमनार में एक करोड़ बारह लाख रूपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार सावित्री नगर कॉलोनी में रहने वाले गोपाल कृष्ण शर्मा के मोबाइल पर अज्ञात व्हाट्सअप नंबर से शेयर मार्केट में ऊंचे रिटर्न प्राप्त करने का मैसेज आया। फिर उसी नंबर से एक लिंक भेजा गया। इस लिंक को डाउनलोड करने के बाद विभिन्न खातों में रूपये ट्रांसफर कराए गए। बताया गया कि प्रतिदिन दस से पचास प्रतिशत तक कमा सकते हैं। पोर्टल में बढ़े हुए रूपये भी दिखने लगे। लेकिन, जब ये रूपये निकालने की कोशिश की गई तो वे पीड़ित व्यक्ति के अकाउंट में ट्रांसफर नहीं हुए। इसके बाद इस मामले की शिकायत पुलिस में की गई। शिकायत मिलने के बाद बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला के निर्देश पर रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने ऑनलाईन फ्रॉड सेल के गठन का निर्देश दिया। टीम ने कार्रवाई करते हुए पश्चिम बंगाल से तीन आरोपियों को गिरफ़्तार किया। उनके पास से भारतीय स्टेट बैंक के पैंतीस खाते, तीन ए.टी.एम, एक क्रेडिट कार्ड, सात मोबाईल, एक लैपटॉप और अठहत्तर लाख रूपये के चेक की छायाप्रति बरामद की गई है।

दुर्घटना

रायपुर जिले के धरसीवां इलाके में बीती रात हुई सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत हो गई है। वहीं, तेरह अन्य लोग घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार धमतरी निवासी एक परिवार अमरकंटक से वापस लौट रहा था। इसी दौरान उनका वाहन खराब हो गया और सभी लोग हाईवे के किनारे बैठे हुए थे, तभी सिलतरा ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार ट्रक ने इन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं, बालोद जिले के गुरुर थाना क्षेत्र में स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक वैन आज अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई है, जबकि चार अन्य बच्चे घायल हो गए हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार निपानी गांव के आत्मानंद स्कूल के बारह बच्चे वैन में सवार होकर स्कूल जा रहे थे, तभी सोहपुर गांव के पास वैन अनियंत्रित होकर पलट गई।

इधर, जांजगीर–चांपा जिले के गोविंदा गांव में दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई आमने–सामने की टक्कर में एक महिला की मौत हो गई। जबकि, एक बच्ची सहित चार लोग घायल हो गए हैं।

वहीं, सक्ती जिले के बाराद्वार थाना क्षेत्र में कार और मोटरसाइकिल के बीच भिड़ंत होने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

संक्षिप्त समाचार

- रायपुर के चंगोराभांटा इलाके में बीती रात आपसी विवाद के चलते बजरंग दल के नेता सहित दो युवकों की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने इस मामले में दो नाबालिग समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

- कोंडागांव जिले की फरसगांव पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पंद्रह किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया गया है, जिसकी कीमत करीब डेढ़ लाख रूपये बताई गई है।

<><><><><>